कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/शालादर्पण/60304/मॉड्यूल/2018/419 दिनांकः 26/4/19

समस्त संस्था प्रधान
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान

विषय– यात्रा, चिकित्सा एवं प्रयोगशाला व्यय की अतिरिक्त बजट की मांग शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से करने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत समस्त राजकीय विद्यालयों के शाला दर्पण लॉग्इन में अतिरिक्त बजट मांग हेतु उपलब्ध मॉड्यूल में यात्रा व्यय, चिकित्सा व्यय एवं प्रयोगशाला व्यय के अतिरिक्त बजट मांग हेतु विकल्प उपलब्ध करा दिया गया है। अतः इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में यात्रा, चिकित्सा एवं प्रयोगशाला व्यय की अतिरिक्त बजट हेतु मांग शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना सुनिश्चित करें, ऑफलाईन मांग स्वीकार नही की जाएगी। इस संबंध में बजट की मांग करने से पूर्व संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करें कि जिन कार्मिकों ने पे-मैनेजर के माध्यम से अपने बकाया दावों के बिल तैयार कर आहरण वितरण अधिकारी (डीडीओ) को अग्रेषित कर दिये हों, उसी समेकित राशि की मांग शाला दर्पण के माध्यम से करें।

www.rajteachers.com

जिला शिक्षा अधिकारी(आदर्श विद्यालय)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. समस्त संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. उपनिदेशक शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. अनुभाग अधिकारी बजट अनुभाग को उनके पत्रांक शिविरा/माध्य/बजट/बी–4/25577/2019–20/21 दिनांक 15.04.19 के संबंध में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. स्टाफ आफिसर कार्यालय हाजा।
7. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी(आदर्श विद्यालय)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर